**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**
**केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)**
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 23 / 11 / 2021

//प्रेस विज्ञप्ति//

**गर्ल्स कॉलेज में**
**रोजगार के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला**

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के स्नातकोत्तर वाणिज्य विभाग के तत्वाधान में रोजगार के अवसर विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। भिलाई की तेजस आईएएस एकेडमी के विशेषज्ञ श्री विनय सिंह ने कार्यशाला में छात्राओं को रोजगार के वर्तमान में उपलब्ध अवसरों जिसमें बैंकिंग, जी.एस.टी., व्यापाम, एस.एस.सी., तथा रेल्वे के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में प्रारंभिक जानकारी दी तथा परीक्षा की तैयारी के संबंध में महत्वपूर्ण टिप्स बताये। इस कार्यशाला में छात्राओं ने प्रश्नों के माध्यम से विभिन्न जानकारियाँ प्राप्त की।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि उच्च शिक्षा में उपाधि के साथ–साथ कौशल विकास भी महत्वपूर्ण हिस्सा है। कॅरियर के अवसर की पहचान हमारी मेहनत व सफलता को सुनिश्चित करती है। बी.कॉम. में रोजगार के अवसर बहुत से है और जिनकी तैयारी के लिए हमें सामान्य गणितीय एवं अंग्रेजी योग्यता की जरूरत है जिसे हम इस तरह की कार्यशालाओं के माध्यम से आसान बना सकते है।

इस कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल जैन ने अध्यक्षता की। इस कार्यक्रम में डॉ. के. एल.राठी, डॉ. व्ही.के. वासनिक, कु. नेहा यादव तथा कु. नेतन देशमुख उपस्थित रही। अंत में डॉ. के.एल. राठी ने आभार प्रदर्शित किया।





*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

**(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)**
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**
**केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)**
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांकः 09.03.2022

## //प्रेस विज्ञप्ति//

## गर्ल्स कॉलेज की गीतिका साहू क्वीज प्रतियोगिता में प्रथम

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्रा कु. गीतिका साहू ने छत्तीसगढ़ स्तरीय क्वीज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर शासकीय राधाबाई नवीन कन्या महाविद्यालय, रायपुर द्वारा आयोजित क्वीज प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें महाविद्यालय की एम.एससी. गणित की छात्रा कु. गीतिका साहू ने सभी प्रश्नों के उत्तर देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

क्वीज स्पर्धा दैनिक जीवन में विज्ञान विषय पर आयोजित की गई थी। कु. गीतिका को प्रमाणपत्र एवं नगद पुरस्कार दिया गया।

गणित विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अनुजा चौहान एवं प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने बधाई दी है।




**समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।**

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 05.04.2022

// प्रेस विज्ञप्ति //

**गर्ल्स कॉलेज में**

**दो दिवसीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन**

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा एम.कॉम. द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं के लिए दो दिवसीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।

जिसमें डॉ. डी.आर. भावनानी, सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं प्राध्यापक वाणिज्य विभाग, सुराना महाविद्यालय, दुर्ग को आमंत्रित किया गया।

डॉ. भावनानी ने द्वितीय सेमेसटर की छात्राओं को विशिष्टीकृत लेखांकन विषय से संबंधित विभिन्न सिद्धांतों की जानकारी दी एवं उनकी परीक्षा संबंधी समस्याओं का निवारण किया तथा चतुर्थ सेमेसटर की छात्राओं को मॉर्केटिंग मैनेजमेन्ट के सिद्धान्तों, परिवहन समस्या एवं विनिमय संबंधी माध्यमों पर चर्चा की।

छात्राओं ने विषय संबंधी अपनी समस्याओं को डॉ. भावनानी के सामने रखा एवं उन्होनें छात्राओं की समस्याओं का समाधान करते हुए अपना मार्गदर्शन प्रदान किया।

इस व्याख्यान की अध्यक्षता वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल जैन ने की तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. के.एल. राठी ने किया। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के डॉ. व्ही.के.वासनिक, नेहा यादव, किरण वर्मा एवं नूतन देशमुख उपस्थित रहे।




समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 12.04.2022

// प्रेस विज्ञप्ति //

## गर्ल्स कॉलेज में
## नेट परीक्षा की तैयारी पर सेमीनार

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की स्नातकोत्तर कला संकाय की छात्राओं हेतु नेट एवं सेट परीक्षाओं की तैयारी हेतु एक विशेष व्याख्यान सत्र आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता श्री गणेश राम नायक, सहायक प्राध्यापक, कम्प्यूटर साईंस थे, जिन्होनें स्वयं कई बार नेट परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा स्नातकोत्तर उत्तीर्ण करने के पश्चात् छात्रायें अपने कॅरियर को लेकर गंभीर रहती है, उनके लिये इस परीक्षा की तैयारी भी चुनौती होती है। ऐसी छात्राओं के लिये यह मार्गदर्शन लाभदायक सिद्ध होगा। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने कहा कि अपने पाठ्यक्रम को ध्यानपूर्वक पढ़कर बिन्दुवार याद करें। सामान्य अध्ययन की भी तैयारी रखें। मुख्य वक्ता श्री गणेश राम नायक ने कहा कि सर्वप्रथम हम यह निर्णय लें कि हमें किस क्षेत्र में जाना है। भेड़चाल में चलने के बजाय स्वयं को सुनिश्चित करें एवं लगातार प्रयासरत रहें। नेट/सेट की परीक्षा मूल विषय से ही संबंधित रहती है।

अतः उसे पूर्णता से अध्ययन करें। छात्राओं की शंकाओं का समाधान भी किया गया। इस अवसर पर कला संकाय के डॉ. सुचित्रा खोब्रागड़े, डॉ. मोनिया राकेश, डॉ. मुक्ता बांखला, डॉ. सुषमा यादव, कु. मधु पाण्डेय सहित सभी प्राध्यापक उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा ठाकुर एवं आभार प्रदर्शन डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने किया।





कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 13.04.2022

## // प्रेस विज्ञप्ति //
## गर्ल्स कॉलेज में व्याख्यान
## संकल्पित आर्थिक विकास महत्वपूर्ण है

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के तत्वाधान में विशेष व्याख्यान माला के अंतर्गत शासकीय कमला देवी राठी कन्या महाविद्यालय, राजनांदगाँव के प्राध्यापक डॉ. सीमा अग्रवाल, ने मानव विकास सूचकांक पर अपना प्रभावी व्याख्यान दिया। उन्होनें कहा कि विश्व स्तर पर वर्तमान में आर्थिक विकास की दर प्रभावित हुई है। वर्तमान में मानव विकास सूचकांक पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न सिद्धान्तों तथा नयी योजनाओं की सविस्तार चर्चा की।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने अपने उद्बोधन में अर्थशास्त्र के महत्व को प्रतिपादित करते हुए विभाग की छात्राओं द्वारा प्रदर्शित पोस्टर–प्रदर्शनी की सराहना की।

विभागाध्यक्ष डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में विश्वस्तर पर घटित होने वाली आर्थिक गतिविधियों का जिक्र करते हुए वर्तमान समय में एक संकल्पित आर्थिक विकास के महत्व की सविस्तार चर्चा की।

अर्थशास्त्र की सहायक प्राध्यापक डॉ. मुक्ता बाखला ने व्याख्यानमाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए मुख्य वक्ता डॉ. सीमा अग्रवाल का परिचय कराया।

पर्यावरण प्रदूषण पर विभाग की छात्राओं द्वारा पोस्टर प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रथम कु. जिज्ञासा देवांगन एम.ए., द्वितीय कु. सुस्मिता शर्मा एवं तृतीय कु. सृष्टि भरदीय, कु. सृष्टि देवांगन ने प्राप्त किया। कुल 25 छात्राओं ने पोस्टर प्रदर्शित किये। अंत में अतिथि प्राध्यापक श्री दीपक कश्यप ने आभार व्यक्त किया।






समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 14.04.2022

## // प्रेस विज्ञप्ति //

## गर्ल्स कॉलेज में अतिथि व्याख्यान

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के स्नातकोत्तर समाजशास्त्र एवं राजनीतिशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वाधान में ''सामाजिक अनुसंधान'' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के प्रमुख वक्ता कल्याण महाविद्यालय के प्राध्यापक डी.के. एन. दिनेश थे।


उन्होनें अपने उद्‌बोधन में कहा कि नये तथ्यों की खोज एवं पुराने तथ्यों का सत्यापन ही अनुसंधान है।

मानव एक सामाजिक प्राणी है तथा प्रारम्भ से वह एक जिज्ञासु प्राणी रहा है क्योंकि उसने प्रकृति को समझने एवं सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिये सदैव प्रयास किया है।

सामाजिक अनुसंधान का प्रयोग कला एवं विज्ञान, भूगोल, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र सभी विषय में सामाजिक अनुसंधान उपयोग में लाया जाता है।

सामाजिक अनुसंधान का प्रयोग कैसे और क्यों किया जाता है इस पर उन्होनें अपने विचार दिये। सामाजिक समस्याओं जैसे– भ्रष्टाचार, नौकरशाह, घरेलू हिंसा, बाल अपराध, अन्तर पीढ़ी संघर्ष आदि समस्याओं पर कैसे अनुसंधान कार्य किया जाता है। इस पर उन्होनें विद्यार्थियों को अवगत कराया है।

आभार प्रदर्शन डॉ. सुचित्रा खोब्रागड़े ने किया।





समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)


शासकीय डॉ. वामन वासुदेव
कन्या स्नातकोत्तर


Woman
Cell
Govt. Dr. W.W.P. Girls P.G. College
DURG (C.G.)


शा.डॉ.वा.वा. पाटणकर कन्या


Govt. Dr. W.W. Patankar Girls' PG
College, Durg (C.G.)
RED CROSS

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602


दुर्ग, दिनांक : 13.04.2022

## // प्रेस विज्ञप्ति //

## गर्ल्स कॉलेज में योग शिविर सम्पन्न

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के योग सेंटर में एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एक दिवसीय योग शिविर नृत्य विभाग के तत्वाधान में लगाया गया। इस शिविर में योग प्रशिक्षक कु. नम्रता बंजारे एवं कु. अंशु धृतलहरे द्वारा विभिन्न योग मुद्राओं का प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि योग हमारे मानसिक और शारीरिक दोनों ही के लिये अत्यन्त आवश्यक है। भारत सरकार द्वारा भी योग जागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रम संचालित किये जा रहे है।

प्रभारी प्राध्यापक डॉ. ऋचा ठाकुर ने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब की छात्रायें योग का प्रशिक्षण प्राप्त कर महाविद्यालय की अन्य छात्राओं को भी प्रशिक्षित करेंगी।

रासेयो प्रभारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने प्राणायाम के फायदे बताये। छात्राओं ने सूर्य नमस्कार, सुखासन, वज्रासन, पद्मासन, धनुरासन, मर्कटासन आदि का अभ्यास किया।

इस अवसर पर विभिन्न आसनों के द्वारा डायबिटीज, ब्रेस्ट कैंसर, हृदय एवं बालों से संबंधित आसनों पर सविस्तार चर्चा की गई। आभार प्रदर्शन रासेयो अधिकारी डॉ. सुचित्रा खोब्रागड़े ने किया।





समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दिनांक : 20/12/2021

/प्रेस विज्ञप्ति/

# गर्ल्स कॉलेज में
# ''तनाव के विज्ञान'' पर कार्यशाला आयोजित

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्नातकोत्तर प्राणीविज्ञान विभाग के तत्वाधान में ''तनाव के विज्ञान'' पर सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. निसरीन हुसैन ने जानकारी देते हुए बताया कि स्ट्रेस (तनाव) का नाम सुनते ही दिमाग में नकारात्मक विचार आते है क्योंकि इसे हमेशा निगेटिव ही माना जाता है।

शरीर क्रिया विज्ञान में हम प्राणियों से संबंधित प्राकृतिक घटनाक्रमों का उध्ययन करते है। जिसमें तनाव का प्रभाव वनस्पति एवं प्राणीजगत दोनों में होता है। उन्होनें कार्यशाला के सात दिवसीय कार्यक्रमों की जानकारी दी।

सात दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने किया उन्होनें अपने उद्बोधन में 'तनाव' के जीवजगत पर पड़ने वाले प्रभावों से बचने एवं सुरक्षित रहने की चर्चा करते हुए कहाँ कि 'तनाव' का सकारात्मक पहलू यह है कि हम भविष्य में के लिए सचेत और सतर्क हो जाते है। हमारा शरीर भी इसके लिए तैयार हो जाता है।

इस विषय पर अपना व्याख्यान देते हुए शास. विज्ञान महाविद्यालय, दुर्ग की प्राध्यापक डॉ. मौसमी डे ने 'तनाव' का शरीर विज्ञान विषय पर प्रकाश डाला और इसकी विषेशताएँ एवं वर्गीकरण की सविस्तार व्याख्या की।

शास. दिग्विजय महाविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ. माजीद अली ने तनाव लेने से होने वाली परेशानियों और इसके दुष्प्रभावों की चर्चा करते हुए इसे दूर करने के उपाय बताए। उन्होनें इसमें ऑक्सीजन की महत्वपूर्ण भूमिका की विस्तार से जानकारी दी।

प्राणीविज्ञान के विषय विशेषज्ञ – डॉ. संजय ठिसके ने तनाव के शरीर विज्ञान के अध्ययन के लिए प्रयुक्त किए जा रहे उपकरणों एवं नई–नई तकनीक के बारे में बताया। उन्होनें रोचक उदाहरण देकर इस पर विस्तार से चर्चा की। कार्यशाला का संचालन डॉ. लता मेश्राम ने किया। विभाग के प्राध्यापक श्रीमती प्रीती सिन्हा एवं डॉ. प्रियंका देवांगन ने सक्रिय सहभागिता दी। इस अवसर पर एम.एससी. प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की छात्राएँ उपस्थित थी।

कार्यशाला में शामिल सभी प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र दिए गए। आभार प्रदर्शन डॉ. निसरीन हुसैन ने किया।

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

**(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)**
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

## शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)
### गर्ल्स कॉलेज में
### ''तनाव के विज्ञान'' पर कार्यशाला आयोजित









**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**
**केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)**
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
**College Code : 1602**

दुर्ग, दिनांक : 26 / 11 / 2021

<u>//प्रेस विज्ञप्ति//</u>

## गर्ल्स कॉलेज में पर्यावरण एवं जल संरक्षण जागरूकता अभियान

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में महाविद्यालय के इकोक्लब तथा एक्वा क्लब द्वारा के तत्वाधान में पर्यावरण एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। जिनमें पोस्टर, स्लोगन तथा प्राकृतिक अनुपयोगी वस्तुएँ से उपयोगी वस्तुएँ बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. ऊषा चंदेल ने बताया कि ग्लोबल वार्मिंग एवं जल संकट पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें 45 छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रिया बारले रहीं। कु. उमेश्वरी चन्द्राकर तथा उमा साहू क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहीं। शीला जांगड़े एवं चंचल वर्मा को सांत्वना पुरस्कार हेतु चयनित किया गया।

इसी तरह स्लोगन प्रतियोगिता जिसका विषय – अम्ल वर्षा, वन कटाई, जनसंख्या वृद्धि, जल संरक्षण था। जिसमें 50 छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम लाइबा नूर– बी.एससी.–बायो, द्वितीय– निधि ताम्रकार (एम.ए.हिन्दी), निलिमा सिरमौर–एम.एससी–1 सेम वनस्पतिशास्त्र तथा तृतीय स्थान पर आयुषी नायक– बी.एससी.–3 बायो, ज्योतिलता साहू–बी.एससी.–2 गणित तथा सांत्वना पुरस्कार हेतु प्रियंका वर्मा–एम.एससी–3 सेम वनस्पतिशास्त्र, ममता, एम.एससी–3 सेम वनस्पतिशास्त्र को चयनित किया गया।

अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी वस्तुएँ बनाने की प्रतियोगिता में 19 छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें सुमन पटेल–बी.एससी. भाग–2 (माइक्रोबायो) प्रथम स्थान पर एवं द्वितीय–रेणुका साहू, बी.एससी–1 गणित, तृतीय स्थान पर छाया चन्द्राकर–बी.एससी.–3 बायो रहीं। वहीं सांत्वना पुरस्कार नौरीन फातिमा–बी.एससी.1, माइक्रोबायो, एवं कावेरी कुम्भकार–एम.एससी–1 सेम रसायनशास्त्र को मिला।

प्रतियोगिताओं में डॉ. अल्का दुग्गल, डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल, डॉ. सुषमा यादव, डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, श्री योगेन्द्र त्रिपाठी, डॉ. अनुजा चौहान तथा डॉ. वंदना धन्डोरे निर्णायक थे।

प्रतियोगिता के संचालन में डॉ. सुनीता गुप्ता ने सहयोग किया।




*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

**(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)**
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)